# प्रेस नोट- थाना मिर्जापुर

## जनपद शाहजहांपुर पुलिस

### सराहनीय कार्य दिनांक- 13.07.2026

## चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का थाना मिर्जापुर पुलिस ने किया पर्दाफाश, 03 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से 07 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद।

पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष मिर्जापुर के नेतृत्व में जनपद में अपराधों की रोकथाम, चोरी, लूट, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ऑपरेशन तलाश के अंतर्गत वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना मिर्जापुर पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण –**

आज दिनांक 13.07.2026 को उ0नि0 बन्टी कुमार मय हमराही क्षेत्र में गश्त एवं चेकिंग में मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि **ग्राम बहरिया स्थित सरकारी स्कूल मोड़ पर 03 व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ उन्हें बेचने की फिराक में खड़े हैं।** सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर तीनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में प्रथम अभियुक्त ने अपना नाम शादाब पुत्र शमशाद, निवासी ग्राम बहरिया थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर, द्वितीय अभियुक्त ने अपना नाम शवाब पुत्र शमशाद, निवासी ग्राम बहरिया थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर तथा तृतीय अभियुक्त ने अपना नाम शिवम पुत्र जितेन्द्र यादव, निवासी ग्राम भरतापुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर बताया। तलाशी एवं मौके पर की गई **कार्यवाही के दौरान अभियुक्तगण के कब्जे से 07 अदद मोटरसाइकिलें बरामद हुईं।** बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में अभियुक्तों से उनके वैध अभिलेख/कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। बरामदगी एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर थाना मिर्जापुर पर **मु0अ0सं0-148/2026 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस बनाम शादाब आदि 03 नफर पंजीकृत किया गया।** गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में विस्तृत जांच एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

1. **शादाब** पुत्र शमशाद, निवासी ग्राम बहरिया, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. **शवाब** पुत्र शमशाद, निवासी ग्राम बहरिया, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. **शिवम** पुत्र जितेन्द्र यादव, निवासी ग्राम भरतापुर, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण:-**

- ✓ मु0अ0सं0 - 148/2026 धारा 317(2)/ 317(4)/ 317(5)/ 318(4)/ 338/ 336(3)/ 340(2) बीएनएस बनाम शादाब आदि 03 नफर उपरोक्त थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर ।

**गिरफ्तारी का दिनाँक,समय व स्थान का विवरणः-**

ग्राम बहरिया स्थित सरकारी स्कूल मोड़ से, दिनांक 13.07.2026 को समय करीब 05:05 बजे अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।,

**बरामदगी का विवरणः-**

1. स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, रजिस्ट्रेशन संख्या UP76J2721, रंग काला।
2. सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, बिना नम्बर प्लेट, रंग लाल-काला।
3. हीरो HF Deluxe मोटरसाइकिल, रंग ग्रे-ब्लैक, जिसकी नम्बर प्लेट पर केवल UP27 अंकित है, शेष रजिस्ट्रेशन संख्या मिटाई गई है।
4. सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, रंग पीला-काला, जिस पर कोई नम्बर प्लेट नहीं लगी है।
5. हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, रजिस्ट्रेशन संख्या DL7SAT4259, रंग काला-नीला, जिसमें इंजन नहीं है।
6. हीरो होंडा मोटरसाइकिल, जिस पर DL6S 8204 अंकित है, रंग नीला-काला।
7. यामाहा FZ मोटरसाइकिल, रजिस्ट्रेशन संख्या DL10SZ2429, रंग काला।

**पूछताछ का विवरणः-**

मुकदमा उपरोक्त के संबंध में गिरफ्तार अभियुक्तगण से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने संयुक्त रूप से बताया कि वे कलान क्षेत्र के एक व्यक्ति (जिसका नाम एवं पूरा पता उन्हें ज्ञात नहीं है) से चोरी की मोटरसाइकिलें कम कीमत पर खरीदते हैं। इसके बाद वे मोटरसाइकिलों की मरम्मत कर उनकी नम्बर प्लेट बदलकर उन्हें अधिक कीमत पर बेच देते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। अभियुक्तों ने यह भी बताया कि आज वे बरामद मोटरसाइकिलों को बेचने के उद्देश्य से जा रहे थे, तभी पुलिस टीम द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। अभियुक्तों के उक्त कथनों का सत्यापन साक्ष्यों एवं अन्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर किया जा रहा है तथा गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों एवं चोरी की मोटरसाइकिलों के स्रोत के संबंध में विस्तृत विवेचना एवं आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1. व0उ0नि0 सुनील कुमार, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 बन्टी कुमार, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. मु0आ0 570 धर्मेन्द्र सिंह, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
4. मु0आ0 373 मो. ईस्माइल, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
5. मु0आ0 430 संतोष कुमार, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहाँपुर।